Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-04-2007

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title: Need to set up a LPG bottling plant at Mashrakh, District Saran, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार): महोदय, बिहार प्रांत के सारण जिला अंतर्गत मशरक प्रखंड मुख्यालय सारण, सिवान, गोपालगंज एवं मुजफ्फरपुर जिले के केन्द्र में बसा हुआ है जहाँ से सभी जिला मुख्यालयों की दूरी लगभग 40 से 50 कि.मी. है । जिसकी वजह से मशरक में अंग्रेजों के जमाने से अब तक व्यावसायिक गतिविधियां फल-फूल रही है । मशरक सारण, सिवान एवं गोपालगंज तीनों जिलों से सड़क एवं रेल मार्ग से जुड़ा हुआ है । मशरक में प्रखंड मुख्यालय, थाना, हॉस्पीटल, विद्युत केन्द्र, दूर संचार केन्द्र, दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र, महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं । मशरक राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित अनुमंडल मुख्यालय भी है । मशरक एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों में हजारों की संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं रेलवे के सेवा निवृत्त कर्मचारी निवास करते हैं । सारण जिला का मशरक प्रस्तावित अनुमंडल मुख्यालय एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां व्यवसायिक गतिविधियां काफी ज्यादा हैं।

अगर मशरक में एक बोटलिंग प्लान्ट खुल जाये तो एल.पी.जी. वितरकों एवं उपभोक्ताओं को काफी सुविधा होगी । पूर्व में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा सारण जिला अंतर्गत बोटलिंग प्लांट खोलने हेतु पहल की गई है । इसके लिए एच.पी.सी.एल. द्वारा सर्वेक्षण भी किया गया है । परन्तु अभी तक प्लांट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है । इसके लिए मशरक में हर तरह की सुविधा उ पलब्ध है ।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि बिहार प्रांत के सारण जिला अंतर्गत मशरक में एक बोटलिंग प्लांट शीघ्र खोला जाये ।